**<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के सभा (Court) की दिनांक 11 दिसम्बर, 2018 को पूर्वान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न हुये चतुर्थ अधिवेशन की कार्यवृत्त।</u>**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही:-

1. प्रो0 श्री निवास सिंह — अध्यक्ष
   कुलपति,
   मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर

2. प्रो0 वी0के0 सिंह, — सदस्य
   कुलपति,
   दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय,
   गोरखपुर

3. प्रो0 कृपाशंकर, — सदस्य
   प्रोफेसर,
   इंडस्ट्रीयल मेकेनिकल इंजी0 विभाग,
   आई0आई0टी0 कानपुर

4. प्रो0 संजय के0 सिंह, — सदस्य
   आई0आई0एम0,
   लखनऊ।

5. प्रो0 अश्विनी कुमार मिश्र, — सदस्य
   क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर
   प्रतिनिधि प्रमुख सचिव,
   उच्च शिक्षा विभाग
   उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

6. श्री सुरजन — सदस्य
   विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
   उत्तर प्रदेश शासन,
   प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,
   उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

सभा के निम्नलिखित सदस्य अपरिहार्य कारणों से सभा के चतुर्थ अधिवेशन में प्रतिभाग नहीं कर सके:-

1. प्रो0 राजीव त्रिपाठी, निदेशक, एम0एन0एन0आई0टी0 इलाहाबाद
2. प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान, कुलपति जी0एल0ए0 विश्वविद्यालय, मथुरा
3. प्रो0 के0 मुरलीधर, प्रोफेसर, आई0आई0टी0 कानपुर
4. प्रो0 वीर सिंह, प्रोफेसर आई0आई0टी0 रुडकी
5. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ

समस्त माननीय सदस्यों के स्वर्ण जयन्ती सभागार में आगमन के उपरान्त कुलपति द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया गया तथा कुलपति द्वारा माननीय कुलाधिपति/श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के कार्यालय से कुलपति द्वारा सभा की अध्यक्षता विषयक प्राप्त निर्देश से सभा के माननीय सदस्यों को अवगत कराते हुये सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

## कार्यवाही

**चतुर्थ-01 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा के दिनांक 28.12.2017 को सम्पन्न तृतीय अधिवेशन के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की सभा की दिनांक 28.12.2017 को सम्पन्न तृतीय अधिवेशन की कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**चतुर्थ-02 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा के दिनांक 28.12.2017 को सम्पन्न तृतीय अधिवेशन के कार्यवृत्त का क्रियान्वित विवरण।**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के दिनांक 28.12.2017 को सम्पन्न हुये सभा के तृतीय अधिवेशन में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वित विवरण से अवगत होते हुये कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

**चतुर्थ-03 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा की तृतीय अधिवेशन के बाद हुयी गतिविधियों/प्रगति का प्रस्तुतिकरण व पुनर्विलोकन।**

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की सभा के तृतीय अधिवेशन के बाद हुयी गतिविधियों, प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतिकरण का पुनर्विलोकन किया गया। साथ ही सभा द्वारा विश्वविद्यालय की दिनांक 28.12.2017 को सम्पन्न हुयी सभा की तृतीय अधिवेशन के उपरान्त अब तक की निम्नलिखित के अनुसार सम्पादित हुयी प्रमुख गतिविधियों एवं विकास पर संतोष व्यक्त किया गया:-

**शैक्षणिक (अध्यापन एवं शोध) कार्यों में उच्चीकरण एवं प्रगति**

1. वर्ष 2017-18 से शैक्षणिक कैलेण्डर में आई0आई0टी0 एवं एन0आई0टी0 की भाँति सुधार करते हुये विश्वविद्यालय हेतु सुसंगत ढाँचे में परिवर्तित किया गया। छात्र क्रिया कलाप कैलेण्डर पृथक कर शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुरुप बनाया गया।

2. मालवीय प्रवेश परीक्षा-2018 मई 12 एवं 13, 2018 को विभिन्न शहरों में सफलतापर्वूक करायी गयी तथा मात्र 15 दिन में परिणाम घोषित किया गया। मालवीय प्रवेश परीक्षा-2018 के माध्यम से विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में प्रवेशित प्रथम 40 रैंक के अभ्यर्थियों (20 छात्र एवं 20 छात्राओं) को विश्वविद्यालय की ओर से प्रवेश परीक्षा मद से टेबलेट पाँचवे स्थापना दिवस समारोह पर दिया गया।

3. विश्वविद्यालय में अंशकालिक रुप में पीएच0डी0 कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया तथा नियमित पीएच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश क्षमता दुगुनी की गयी। आगामी सत्र से इकोनामिक्स एवं इंग्लिश में पीएच0डी0 शुरु करने की योजना है।

4. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत प्रथम वर्ष के छात्रों के परफारमेंस के आधार पर उनके द्वितीय वर्ष में शाखा परिवर्तन की व्यवस्था लागू की गयी।

5. विश्वविद्यालय में सत्र 2019-20 से एम0एस0सी0-गणित (Computing), B.B.A. and B.Tech. (IT) पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने का निर्णय लिया गया।

6. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के सम एवं विषम सेमेस्टर में असफल छात्रों के लिये समर टर्म चलाया जा रहा है।

7. विश्वविद्यालय में शोध को बढावा दिये जाने तथा शिक्षकों एवं छात्रों के आदान-प्रदान हेतु विभिन्न संस्थाओं से वर्ष 2018 समझौता करार किया गया, जिसका विवरण निम्नवत है:-

- CSIR National Environmental Engineering Research Institute, Nagpur
- UNIVERSIDAD CARLOS III DE MADRID (SPAIN)
- N.I.T., Surat
- MNNIT, Allahabad
- IIIT, Allahabad
- Warsaw Management University, Poland (Under Progress)
- Cyber Security and Research Laboratory LLP, Pune

8. विश्वविद्यालय के समस्त विभागों में शोध कर रहे शोधार्थियों के लिए प्रत्येक सेमेस्टर में रिसर्च स्कालर डे मनाये जाने की व्यवस्था लागू की गयी।

9. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बी0टेक0/एम0टेक0 के छात्रों को पेपर प्रस्तुत किये जाने हेतु वित्तीय सहायता दिये जाने की व्यवस्था लागू की गयी। साथ ही इसी अनुरुप विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अतिथि शिक्षकों को भी कान्फ्रेन्स आदि में प्रतिभाग किये जाने हेतु वित्तीय सहायता दिया जा रहा है।

10. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बी0टेक0 प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु दिनांक 1 से 5 मई, 2018 के मध्य तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम द्वारा प्रायोजित FIRST INDUCTION PROGRAM FOR NEW STUDENTS (IPNS) 2017-18 का आयोजन कराया गया तथा 2018-19 में प्रवेशित बी0टेक0 प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु दिनांक 1.8.2018 से 21.8.2018 तक INDUCTION PROGRAM कराये गये।

11. विश्वविद्यालय के बी0टेक0 प्रथम वर्ष, बी0टेक0 द्वितीय वर्ष (लैट्रल इन्ट्री), एम0सी0ए0 एवं एम0बी0ए0 में प्रवेश हेतु मालवीय प्रवेश परीक्षा-2018 का आयोजन दिनांक 12.5.2018 को प्रदेश के विभिन्न शहरों में कुशलतापूर्वक सम्पन्न करवाया गया।

12. विश्वविद्यालय के एम0टेक0 एवं एम0एससी0 (इलेक्ट्रानिक्स) में प्रवेश हेतु मालवीय प्रवेश परीक्षा-2018 का आयोजन दिनांक 13.5.2018 को कुशलतापूर्वक सम्पन्न करवाया गया। पीएच0डी0 में प्रवेश हेतु MET-2018 का आयोजन जुलाई 2, 2018 को कराया गया तथा साक्षात्कार जुलाई 3, 2018 को सम्पन्न हुआ।

13. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं राईक्यूस विश्वविद्यालय, जापान के मध्य हुये शैक्षणिक समझौता करार के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बी0टेक0 तृतीय वर्ष के पाँच छात्र दिनांक 20 मई से 20 जून, 2018 तक एक माह का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु राईक्यू विश्वविद्यालय, जापान भेजे गये हैं। राईक्यूस विश्वविद्यालय, जापान के दो छात्र माह अक्टूबर – नवम्बर, 2018 में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में रहकर अपना अध्ययन कार्य पूर्ण किये।

14. अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में दिनांक 21 जून, 2018 को योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित कराये जाने सहित दिनांक 16 से 21 जून, 2018 तक योग प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न कराया गया।

15. भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को ATAL TINKERING LAB कार्यक्रम के लिए मेन्टर चयनित किया गया है।

16. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की टीम द्वारा मार्च, 2018 में विश्वविद्यालय का विजिट किया गया तथा विभिन्न विभागों की बढ़ी हुयी प्रवेश क्षमता एवं बी0टेक0 केमिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम का अनुमोदन प्रदान किया गया।

17. शासन के पत्र संख्या: 2028/सोलह-1-2018- 3(3)/2018 दिनांक 31 मई, 2018 द्वारा प्राप्त अनुमोदन के क्रम में विश्वविद्यालय के बी0टेक0 प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों में प्रवेश क्षमता की 10 प्रतिशत अधिसंख्य (Supernumerary) सीटों पर उत्तर प्रदेश

राज्य के बाहर (Outside U.P. Domicile) के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिये जाने की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

18. विश्वविद्यालय में दिनॉक 6-8 जुलाई, 2018 के मध्य द्वितीय मालवीय रिसर्च कान्क्लेव-2018 का सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया, जिसमें देश के विभिन्न संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञों द्वारा अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में प्रो0 एस0जी0 धाण्डे, पूर्व निदेशक आई0टी0टी0 कानपुर, Prof. Marcin Paprzycki, System Research Institute Polish Academy of Science Sarsaw, Poland तथा प्रो0 पी0 नागभूषण, निदेशक, आई0आई0आई0 टी0 इलाहाबाद प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

19. विश्वविद्यालय हेतु वर्ष 2018 में निम्नलिखित अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुयी है:-

- Leadership for Academician Program (LEAP 2019) with Horward University.
- Indo-Norway project (with M.N.N.I.T., Allahababd)
- AICTE-UK, (UKIERI) Project.

20. दिनांक 24 अगस्त, 2018 को आयोजित विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह के अवसर माननीय कुलाधिपति/श्री राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदत्त अनुमोदनोपरान्त ख्यातिलब्ध इं0 ई0 श्रीधरन को प्रथम मानद उपाधि DSc (Honoris Causa) प्रदान की गयी।

21. तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत एन0पी0आई0यू0 द्वारा नामित मेन्टर प्रो0 सर्वेश चन्द्र, भूतपूर्व प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर द्वारा दिनॉक 9-11 अक्टूबर, 2018 की तिथियों में विश्वविद्यालय का भ्रमण किया गया।

22. विश्वविद्यालय में चल रहे पाठ्यक्रमों का आडिट कराये जाने के दृष्टिकोण से निम्नलिखित समिति के माध्यम से एकेडेमिक आडिट दिनांक 16-17 नवम्बर, 2018 को कराया गया। आडिट टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट कुलपति को सौंप दी गयी है, जिसके सापेक्ष कार्यवाही की जा रही है।

1. Prof. K. Chidananada Gowda, Former Vice-Chancellor, Kuvempu University, Mysore, Karnataka - Chairman
2. Prof. I.H. Farooqi, Professor, CE, AMU, Aligarh – Member
3. Prof. B.B. Chaudhuri, Prof. & Head Computer Vision & Pattern Recognition Unit Indian Statistical Institute, Kolkata - Member
4. Prof. Ratna Dahiya, Professor & Head, EED NIT, Kurukshetra - Member
5. Prof. Animesh Biswas, Director, NIT, Rourkela - Member

6. Prof. Avinash Kumar Agarwal, Professor, Dept. of M.E., IIT, Kanpur - Member
7. Prof. Gautam Deo, Professor, Chemical Engg. I.I.T., Kanpur – Member
8. Prof. S.A. Ramkrishna, Professor, I.I.T., Kanpur - Member
9. Prof. Shalabh, Professor, IIT, Kanpur
10. Prof. J.D. Singh, Professor, IIT, Delhi - Member

23. शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं परामर्श के लिए विश्वविद्यालय एकेडेमिक रिफार्म कमेटी (UARC) का गठन किया गया है।

24. विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष कराया जाने वाला तृतीय मालवीय रिसर्च कान्क्लेव के लिए दिनांक 24-26 फरवरी, 2019 की तिथि निर्धारित की गयी।

25. विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2018-19 में पाठ्यक्रमवार छात्र-छात्राओं का विवरण ***अनुलग्नक-1*** एवं विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कैलेण्डर ***अनुलग्नक-2*** पर संलग्न है।

**अवस्थापना सुविधाओं में बढ़ोत्तरी :**

1. विश्वविद्यालय के एल्युमनाई से संवाद एवं सम्पर्क सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से एल्युमनाई कार्यालय स्थापित करके उसे क्रियान्वित किये जाने के साथ-साथ उसके संचालन हेतु एक बी0टेक0 उपाधिधारी व्यक्ति को तैनात किया गया। एल्युमनाई के बाईलाज में सुधार किया गया तथा इसकी दो बैठकें हो चुकी है।

2. 2000 की क्षमता के अपूर्ण आडिटोरियम का कार्य पूर्ण कराये जाने तथा 32 आवासों के निर्माण एवं बैंक हेतु पृथक भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

3. विश्वविद्यालय की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रू0 4.90 करोड़ की लागत से 11के.वी./0.4 के.वी. विद्युत सब स्टेशन का निर्माण एवं परिसर में अण्डरग्राउण्ड विद्युत केबिल लेइंग का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। साथ ही रू0 2.50 करोड की लागत से खोराबार विद्युत सब स्टेशन से विश्वविद्यालय परिसर में स्थित नये विद्युत सब स्टेशन तक 11के0वी0 के केबिल के लेइंग का कार्य भी करवाया जा रहा है। सूच्य है कि विश्वविद्यालय में बन रहा यह विद्युत सब स्टेशन अपने आप में एक अनोखा सब स्टेशन होगा तथा गोरखपुर में इस प्रकार का यह पहला विद्युत सब स्टेशन है।

4. रुसा के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विश्वविद्यालय में पुस्तकालय के विस्तार हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्य पुस्तकालय के बगल में (दक्षिण तरफ) एवं संगणक विज्ञान एवं अभियंत्रण विभाग में प्रस्तावित नई प्रयोगशालाओं का निर्माण वर्तमान संगणक विज्ञान एवं अभियंत्रण विभाग के पीछे (पश्चिम तरफ) तथा प्रयुक्त विज्ञान विभाग, जनपदीय

अभियंत्रण विभाग, यांत्रिक अभियंत्रण विभाग, विद्युत अभियंत्रण विभाग एवं विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग के प्रथम तल पर प्रयोगशालाओं के विस्तार/उच्चीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

**विविध कार्य :**

1. विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय के बाहर डी0एम0आई0 पटना में आयोजित सुविकास प्रतिस्पर्धा एवं गोरखपुर महोत्सव में दिनांक 11-13 जनवरी, 2018 में प्रतिभाग किया गया।

2. विश्वविद्यालय के बहुआयामी विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तकनीकी संवर्ग, प्रशासनिक संवर्ग एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी के अवसर पर **"मालवीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान"** से सम्मानित किये जाने की योजना लागू किया जाना।

3. ई0 मुकुल शर्मा, टी0सी0एस0 यू0एस0ए0 द्वारा दिनांक 1 फरवरी, 2018 को विश्वविद्यालय का भ्रमण किया गया एवं माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में समस्त विभागाध्यक्षों एवं अधिष्ठाताओं के साथ बैठक किया गया जिसमें मालवीय इन्नोवेशन एवार्ड स्थापित करने एवं उसको चलाने के लिये आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए ई0 मुकुल शर्मा द्वारा आश्वस्त किया गया।

4. दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली में दिनांक 23-26 मार्च, 2018 को आयोजित AAHWAAN- 2018 कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा एक छात्र को गोल्ड, तीन छात्रों को सिल्वर तथा 3 छात्रों को ब्रोन्ज पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही दिनांक 24-27 मार्च, 2018 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोयडा में आयोजित National Level Automobile Event "Eco-Kart-2018" में छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा छात्रों को 5th rank (Best Marketing Scope) से सम्मानित किया गया।

5. विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों के सेवा सुरक्षा शिकायतों संबंधी रक्षापायों के अनुश्रवण हेतु पृथक-पृथक अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ तथा अल्पसंख्यक समुदाय प्रकोष्ठ का गठन किया जाना।

6. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं मे से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर "Malaviya Excellent Award to Students" से सम्मानित किया जा रहा है।

7. विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों में से 30 वर्ष या उससे अधिक की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को सम्मानित किया जा रहा है और इस वर्ष 15 अगस्त, 2018 को भी सम्मानित किया गया।

8. देश के विभिन्न तकनीकी शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालय में आयोजित छात्र क्रिया कलाप से संबंधित गतिविधियों में छात्रों की प्रतिभागिता को प्रोत्साहित किये जाने हेतु उन्हें उक्त में प्रतिभाग कराया जा रहा है।

9. विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षण कार्य, शोध और विकास के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यो में सहभागिता, सामाजिक और व्यवसायिक शिक्षा क्रिया कलाप के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से मालवीय आउटस्टैडिंग शिक्षक पुरस्कार (Malaviya Outstanding Teacher Award) स्थापित किया गया है, जिसके तहत वर्ष 2018 का मालवीय आउटस्टैडिंग शिक्षक पुरस्कार (Malaviya Outstanding Teacher Award) दिनांक 5 सितम्बर, 2018 को विश्वविद्यालय के एक शिक्षक को प्रदान किया गया।

10. रैंकिंग टाइम्स इंजीनियरिंग इंस्टीच्यूट द्वारा कराये गये सर्वे के अनुसार देश के उभरते क्रियाशील संस्थानों व विश्वविद्यालयों में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को छठवाँ स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही इण्डिया टूडे ग्रुप द्वारा कराये गये सर्वे के अनुसार देश के आल इण्डिया इंजीनियरिंग संस्थानो व विश्वविद्यालय में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को सोलहवाँ स्थान प्राप्त हुआ।

11. प्रो0 एस0एन0 सिंह, कुलपति द्वारा दिनांक 2-3.8.2018 को पोर्टलैण्ड में आयोजित शैक्षणिक प्रोजेक्ट US-India collaborative for smart distribution system with storage (UI-ASSIST) की वार्षिक बैठक में प्रतिभाग करने, दिनांक 4-5.8.2018 को सैन फ्रेंसिसको/शिकागो में एल्युमनाई के साथ आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने, दिनांक 6-7.8.2018 को नार्थ डकोटा यूनिवर्सिटी एवं विजकान्सेन यूनिवर्सिटी ग्रीन बेव के साथ समझौता करार के संबंध में आयोजित बैठक तथा दिनांक 8-9.8.2018 को पोर्टलैंड यूएस0ए0 में आयोजित IEEE Conference में प्रतिभाग किया गया। इस सम्पूर्ण यात्रा का व्यय IEEE, I.I.T., Kanpur एवं प्रोजेक्ट से किया गया है।

12. विश्वविद्यालय द्वारा गाँधी जयन्ती के अवसर पर दिनांक 2 अक्टूबर, 2018 को गाँधी जयन्ती समारोह का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत परिसर की साफ-सफाई की गयी।

13. भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित स्वच्छ भारत समर इन्टर्नशिप मिशन के अन्तर्गत प्रतिभाग करने वाली विश्वविद्यालय की टीम को कुल 72 विद्यार्थियों मे से निम्नलिखित विद्यार्थी पुरस्कृत किये गये:-

1. Kumari Nisha (as team leader along with team) - First Position
2. Sanjay Kumar Vishwakarma (as team leader along with team) - Second Position
3. Ashutosh Dutt(as team leader along with team) - Third Position

साथ ही इन विद्यार्थियों को 2 अक्टूबर, 2018 के दिन उनके सम्मुख उल्लिखित नकद धनराशि पुरस्कार के रुप में प्रदान किया गया:-

First Prize-Rs 30000
Second Prize-Rs. 20000
Third Prize-Rs. 10000

14. विश्वविद्यालय में स्थापित डिजाइन इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेटर सेंटर के एक इन्क्यूबेटर, श्री राहुल सिंह उम्र 14 वर्ष को दिनांक 5-8 अक्टूबर, 2018 को इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित 5th India International Science Festival (IISF 2018) में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही दिनांक 15 अक्टूबर, 2018 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भी श्री राहुल सिंह को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

15. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर में दिनांक 25-28 अक्टूबर, 2018 को आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कल्चरल प्रतियोगिता "ANTARANGNI -2K18" में विश्वविद्यालय की टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सुश्री श्रेया सिंह, तृतीय वर्ष यांत्रिक एवं श्री कृष्णा पाण्डेय, तृतीय वर्ष केमिकल इंजीनियरिंग को "Mr and Ms" ANTARANGNI -2K18 से सम्मानित किया गया। सुश्री श्रेया सिंह, तृतीय वर्ष द्वारा "ANTARANGNI -2K18" की COMIC (Stand of Comedy) में प्रतिभाग कर सफल होने पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

16. अत्यन्त ही गौरव की बात है कि विश्व बैंक सहायतित तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के क्रियान्वयन में एन0पी0आई0यू0 द्वारा कराये गये समग्र मूल्यांकन के आधार पर मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

17. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं राईक्यूस विश्वविद्यालय, जापान के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 2-4 नवम्बर, 2018 को विश्वविद्यालय परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 5th IEEE Uttar Pradesh Section International Conference on Electrical, Electronics and Computer Engineering (UPCON 2018) का सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में IIT, NITs, IIITs के अलावा USA, UK, Japan, Denmark के Experts भाग लिये। कुल 231 शोध पत्र, 07 Ph.D. Thesis, WIE एवं SIGHT में Presentation हुये।

18. प्रबन्ध बोर्ड के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के प्रबन्ध अध्ययन केन्द्र के लिये समेकित वेतन व संविदा के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिये सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति हेतु माननीय कुलाधिपति/श्री राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्य को सम्मिलित कर गठित चयन समिति की बैठकें दिनांक 25 नवम्बर, 2018 को करायी गयी।

19. मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 10 छात्रों का चयन भारतीय इंजीनियरिंग सेवा के 100वीं रैंक के अन्तर्गत हुआ।

20. वर्ष 2018 में निम्नलिखित छात्रवृत्ति, अवार्ड एवं मेडल स्थापित किये गये:-

1. स्व0 जनकराज सिंह मेमोरियल गोल्ड मेडल
2- "RSRM Tripathi Best Project Award
3. स्व0 श्री शिव नरायण मिश्र छात्रवृत्ति
4- R.S. Singh – ME'69 Gold Medal
5- Sri Jagannath Singh Gold Medal
6. Late Sri Ganesh Prasad Shahi Memorial Gold Medal

21. विश्वविद्यालय द्वारा सभा की गत बैठक के बाद से अब तक प्रबन्ध बोर्ड की 4 बैठकें, वित्त समिति की 3 बैठकें, विद्या परिषद की 4 बैठकें तथा परीक्षा समिति की 2 बैठकें, भवन एवं कार्य समिति की 3 बैठक तथा आई0क्यू0ए0सी0 की 1 बैठकें सम्पन्न करायी गयी।

22. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा Institution Innovation Council (IIC) की स्थापना किये जाने हेतु मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को चयनित किया गया है।

23. विश्वविद्यालय की पाँचवीं वर्षगाँठ एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम दिनांक 1.12.2018 को आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में श्री आलोक नन्दन, कार्यकारी निदेशक, ओ0एन0जी0सी0 मुम्बई तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रो0 जे0पी0 सैनी, कुलपति, नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे।

24. विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019-20 के लिए बी0टेक0 के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु Malaviya Entrance Examination -2019 दिनांक 12 मई, 2019 को तथा एम0बी0ए0, एम0सी0ए0, एम0टेक0, बी0बी0ए0 एवं एम0एस0सी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 13 मई, 2019 को निर्धारित की गयी है। पीएच0डी0 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा दिनांक 01 जुलाई, 2019 को निर्धारित की गयी है। Malaviya Entrance Examination -2019 में कुछ आंशिक संशोधन किया गया है, जो *अनुलग्नक-3* पर संलग्न है।

**चतुर्थ-04** **<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की 2018/01 बैठक संख्या सत्रहवीं के कार्यवृत्त का अवलोकन।</u>**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा 2018/01 बैठक संख्या सत्रहवीं में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

**चतुर्थ-05** **<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की 2018/02 बैठक संख्या अठ्ठारहवीं के कार्यवृत्त का अवलोकन।</u>**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा 2018/02 बैठक संख्या अठठारहवीं में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

**चतुर्थ-06** **<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की 2018/03 बैठक संख्या उन्नीसवीं के कार्यवृत्त का अवलोकन।</u>**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा 2018/03 बैठक संख्या उन्नीसवीं में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

**चतुर्थ-07** **<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रबन्ध बोर्ड की 2018/04 बैठक संख्या बीसवीं के कार्यवृत्त का अवलोकन।</u>**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचालन के संबंध में विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा 2018/04 बैठक संख्या बीसवीं में लिये गये निर्णयों एवं कृत कार्यवाही का पुनर्विलोकन किया गया।

**चतुर्थ-08** **<u>मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर वार्षिक लेखाओं का पुनर्विलोकन।</u>**

सभा द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वार्षिक लेखाओं का पुनर्विलोकन किया गया।

**चतुर्थ-09** **<u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद।</u>**

1. सभा के सदस्य प्रो0 वी0के0 सिंह, कुलपति, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर एवं प्रो0 एस0के0 सिंह, प्रोफेसर, आई0आई0एम0 लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 श्री निवास सिंह द्वारा सभा के अधिवेशन को समयानुसार सम्पन्न कराने एवं उनके द्वारा गत अधिवेशन से अब तक की

विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या/प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा करते हुये धन्यवाद दिया गया।

2. सभा के सदस्य प्रो0 कृपा शंकर, प्रोफेसर, आई0आई0टी0 कानपुर द्वारा कुलपति, प्रो0 श्री निवास सिंह की प्रशंसा की गयी तथा निम्नलिखित सुझाव दिये गये:-

- विश्वविद्यालय के विकास हेतु अन्तराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत विश्वविद्यालय के एल्युमनाई के साथ विशेष संवाद स्थापित कर उनका सहयोग प्राप्त किया जाये।

- विश्वविद्यालय छात्रों द्वारा गेट में किये जा रहे प्रदर्शन एवं उनकी उपलब्धि को प्रसारित करायी जाये।

- विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा आई0इ0एस0 की परीक्षा में सफलतापूर्बक प्रथम 100 रैंक के स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि को प्रचार-प्रसार के दृष्टिकोंण से प्रकाशित कराया जाये।

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त समाप्त हुयी।

11.12.2018

**( प्रो0 श्री निवास सिंह )**
कुलपति
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर